(ख) यदि हां, तो गत 5 वर्षों के दौरान स्वेदशी उत्पादन तथा आयात के माध्यम से औसतन कितने प्रतिशत मांग पूरी की जाती है, और

(ग) क्या सरकार ने देश में इस मांग को केवल स्वदेशी उत्पादन के माध्यम से ही पूरा करने के लिए कोई योजना तैयार की है और यदि हां, तो इस संबधं में समयबद्व लक्ष्य क्या है?

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान देशी उत्पादन तथा आयातों द्वारा पूरी की गई मांग का प्रतिशत निम्नानुसार है,

प्रट्रोलियम और पाकृतिक गैस मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) जी, हां।

	1993-94	1994-95	1995-96	1996-97	1997-98
पेट्रोलियम उत्पादों के देशी उत्पादन द्वारा पूरी की गई मांग का प्रतिशत	84	79	74	75	73
पेट्रोलियम उत्पादों के आयातों द्वारा पूरी की गई मांग का प्रतिशत	16	21	26	28	27

(ग) पेट्रोलियम उत्पादों की मांग को पूरा करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों के अनप्रयोग, रिजर्वायर की स्थिति के बेहतर समझ, नए क्षेत्रों के विकास, मौजुदा क्षेत्रों के अतिरिक्त विकास तथा अपस्ट्रीम क्षेत्र में विदेशी तथा निजी पूंजी को आमंत्रित करते हुए, देश में कच्चे तेल के उत्पादन को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहें हैं। सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र में रिफाइरियों के विस्तार तथा संयुक्त क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के रिफाइनरियां लगाकर देश की शोधन क्षमता में भी वृद्वि की जा रही है।

Sale of products of Reliance and Essar

2728. SHRI SURESH KALMADI: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Indian Oil Corporation propose to set up a separate marketing company to sell products of private sector refineries of Reliance and Essar; and

(b) if so, what arc the details of the deal?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) and (b) the Indian Oil Corporation is negotiating arrangements with Reliance Petroleum Limited and Essar Oil Limited in regard to the marketing of controlled products of their refineries, in accordance with the approved guidelines and policies of the Government of India.

रसोई गैस संबंधी आर्थिक समझौता

2729. **प्रो. रामगोपाल यादव** :

श्री ईश दत्त यादव :

क्या प्रट्रोलियम और पाकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रसोई गैस पर आर्थिक सहायता को समाप्त करने संबंधी निर्णय ले लिया है अथवा लेने का विचार रखती है,

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है तथा इसकी समयावधि क्या है, और

(ग) रसोई गैस पर आर्थिक सहायता को समाप्त किये जाने के बाद इसकी कीमतों परी पड़ने वाले संभवित प्रभाव से आम जनता को बचाने के लिए सरकार के कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और पाकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : (क) से (ग) सरकार ने नवम्बर, 1997 में यह निर्णय लिया था कि एल.पल.जी. पर राजसहायता चरणों से कम की जाएगी, ताकि वर्ष 2000-01 तक यह आयात समता